## सार-समाचार

### प्रतिभा सम्मान समारोह में 65 प्रतिभाएं सम्मानित



**राजगढ़।** राजगढ़ वैश्य महिला समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित हुआ। इसमें 65 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। राजगढ़ वैश्य महिला समिति की पदमा गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद अठावाल पूर्व जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन युवा, विशिष्ट अतिथि अनिल बंसल,डॉ. मोनिका विजय, लोकेश रावत के आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नवाचार कर शिक्षा के क्षेत्र में सम्मानित डॉ मोनिका विजय का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ने समिति के कार्यों की सराहना करते उत्साह वर्धन एवं प्रेरणादाई कार्यों के लिए समिति को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सचिव अनिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिता बंसल, कृष्ण अग्रवाल, रश्मि विजय, अग्रवाल, इंदिरा खंडेलवाल, मोहिनी खंडेलवाल,, मीना विजय, सीमा विजय, संतोष विजय, रेखा खुटेटा सहित अन्य मौजूद रही।

### पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा का निधन

**कोटपूतली।** कस्बे के तालाब वाले हनुमान जी व ठाकुर लक्ष्मीनारायण जी मंदिर के पुजारी व व्यवस्थापक हनुमान प्रसाद शर्मा का सोमवार 21 सितम्बर को 78 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनके निधन के समाचार से धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिणक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। हनुमान प्रसाद शर्मा एक समर्पित पुजारी होने के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र से भी जुड़े हुए थे। उन्होंने राजकीय पाना देवी महाविद्यालय में लंबे समय तक अपनी राजकीय सेवायें दीं। वर्ष 2008 में सेवानिवृत्ति होने के बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन ठाकुर जी व हनुमान जी की सेवा और मंदिर के प्रबंधन में समर्पित कर दिया था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार इसी वर्ष जुलाई 2026 में उनकी धर्मपत्नी मुन्नी देवी का देहांत हो गया था। जीवनसंगिनी के जाने के बाद से ही वे गहरे सदमे में थे और पिछले करीब एक महीने से लगातार अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अन्तिम संस्कार सोमवार को ही कस्बे के नागाजी की गौर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। वे अपने पीछे पुत्र देवेन्द्र पुजारी व एडवोकेट मनोज शर्मा समेत 04 पुत्रियों, 03 पौत्र व 01 पौत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोडकर गए हैं। उनके निधन पर स्थानीय प्रबुद्धजनों, मंदिर से जुडे श्रद्धालुओं व महाविद्यालय स्टॉफ ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षित बताया है। शोक बैठक प्रतिदिन उनके निवास पर आयोजित की जायेगी।

### 9 नगरीय निकायों में अध्यक्ष निर्वाचित

**कोटपूतली-बहरोड़** । नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिले की 9 नगरीय निकायों में अध्यक्ष/सभापति पद के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही नए बोर्डों का गठन हो गया है। नगर परिषद कोटपूतली, बृहरोड एवं नगर पालिका बानसूर, बर्डोद, मांढण, नारायणपुर, नीमराना, पावटा-प्रागपुरा एवं विराटनगर नगरीय निकायों में निर्वाचित अध्यक्षों के नेतृत्व में बोर्ड का गठन किया गया है। नगरपालिका बानसूर में गिरिराज प्रसाद सैनी अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नगरपालिका बर्डोद में साहब कौर अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। नगर परिषद बहरोड़ में कमल कुमार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नगर परिषद कोटपूतली में कमल सैनी अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नगरपालिका मांढण में कपिल कुमार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नगरपालिका नारायणपुर में मन्नी देवी अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। नगरपालिका नीमराना में दिलकौर अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में मीना देवी अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं, जबकि नगरपालिका विराटनगर में देशराज सैनी अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इस प्रकार नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिले की सभी 9 नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन के साथ बोर्ड गठन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

# नगर परिषद के सभापति बने कांग्रेस के मयंक गोयल

**टोंक।** नगर परिषद के सभापति पद के लिए हुए सोमवार को मतदान में कांग्रेस के मयंक गोयल चेयरमैन घोषित किये गये। मतदान के दौरान उन्हें 38 वोट मिले, जबकि बीजेपी के प्रहलाद सिंह सोलंकी को 21 वोट मिले, इस प्रकार मयंक 17 वोटों से जीते है। सभापति चुनाव में भाजपा की ओर से प्रहलाद सिंह और कांग्रेस की ओर से मयंक गोयल आमने-सामने थे। नगर परिषद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। जिसमें एपीआरटीएस परिसर में तहसीलदार भू-अभिलेख रामपाल बैरवा, एपीआरटीएस से घंटाघर तक अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार और पूरे शहर के लिए जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया। इस मतदान प्रक्रिया में सभापति चुनावों हेतु भाजपा के 19 पार्षद एक साथ वोट देने पहुंचे तथा काग्रेस के 32



**टोंक में नगर परिषद के सभापति पद के लिए हुए सोमवार को मतदान में कांग्रेस के मयंक गोयल चेयरमैन घोषित किये गये।**

पार्षदों ने मतदान किया, वही निर्दलीय पार्षद अजय सैनी, छोटू गुर्जर, प्रिया सैनी और महावीर यादव ने भी वोट डाला। इस दौरान बीजेपी के पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने मतदान स्थल परिसर में बीजेपी के पार्षदों को कांग्रेस के पार्षद द्वारा गुमराह करने का आरोप लगाते हुए रिटर्निंग अधिकारी सीमा खेतान और डीएसपी मृत्युजंय मिश्रा से की बहसबाजी करते हुए नजर आये। फिर रिटर्निंग अधिकारी सीमा खेतान ने बाहर आकर समझाइश करते हुए बीजेपी पार्षदों को अपने साथ सुरक्षा

- **सभापति चुनाव में भाजपा की ओर से प्रहलाद सिंह और कांग्रेस की ओर से मयंक गोयल आमने-सामने थे**

में मतदान करवाने ले गई। इसी प्रकार नगर पालिका मतदान प्रक्रिया के अन्तर्गत नगर पालिका मालपुरा में भाजपा के प्रत्याशी जिनेन्द्र कुमार जैने, टोडारायसिंह में सन्त कुमार जैन, डिग्गी में अरविंद शर्मा, लाम्बाहरिसिंह में सोनिया कुमारी स्वर्णकार, निवाई में नरेन्द्र कुमार शर्मा, पीपलू में रमेश वर्मा, देवली में कजोडी देवी ,दूनी में अर्चना देवी एवं नगरपालिका उनियारा में कांग्रेस के प्रत्याशी नरेश कुमार गुर्जर नगर पालिका अध्यक्ष घोषित किये गये है। इस प्रकार भाजपा के 8 प्रत्याशी व कांग्रेस के दो प्रत्याशी अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए है।

## 19 करोड़ रुपये लागत की 4 सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की मांग

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर शहर से जुडने वाली 19 करोड रुपये लागत की चार प्रमुख सडकों के निर्माण में अपेक्षित गति नहीं होने के कारण आमजन को परेशानी हो रही है। जिसके निर्माण में अपेक्षित गति की जरुरत है। इस सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलक्टर को पत्र लिख कर आठाह किया है कि 3 करोड 13 लाख रुपये लागत की सारस चौराहे से बिजलीघर तक, 5 करोड 24 लाख रुपये की लागत वाली आर बी एम चौराहे से रीको रोड तक, 6 करोड 11 लाख रुपये लागत की कुम्हेर गेट सर्किल से कंजोली वाला एम ई एस तक तथा 4 करोड 44 लाख रुपये लागत की रेडक्रॉस सर्किल से चांदपोल रोड तक की सडकों के निर्माण की गति इतनी धीमी है कि ये समय पर पूरी नहीं हो सकतीं। गुप्ता ने पत्र में कहा है कि यदि समयबद्ध मॉनिटरिंग, निर्माण में आ रही बाधाओं का शीघ्र समाधान करने, पर निश्चय ही इन सडकों के निर्माण में अपेक्षित गति आ सकती है। इनमें कई सड्कों का निर्माण अभी शुरू भी नहीं हो सका है और जो शुरू हो गई हैं, उनमें निर्माण गति काफी कम है। उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि कई सडकों के निर्माण में धीमी प्रगति का कारण अतिक्रमण, क्रॉस सेक्शन की डिजाइन को अंतिम रूप नहीं होने, समय पर तकनीकी स्वीकृति जारी नहीं होने जैसी समस्याएं हैं। जिन्हें आपसी समझाइश, विभागों के आपसी समन्वय से दूर किया जा सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से आठाह किया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति, लंबित स्वीकृतियों और कार्य में आ रही बाधाओं की प्रगति समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक कार्य के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर किया जाये। गुप्ता ने नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रगति की समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि सार्वजनिक धन से स्वीकृत विकास कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे लंबित कार्यों को भी समय पर पूरा करने से शहर में विकास की गति दिखाई देगी और आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी पकड़े

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ व शराब रोकथाम अभियान के तहत निवाई सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व मे गठित अलग- अलग टीमों ने कार्यवाही करते हुए एक टीम ने आरोपी गिर्राज उर्फ डिप्टी पुत्र प्रहलाद मीणा उम्र 50 साल निवासी मीणा ढाणी बहकवा थाना निवाई सदर को देशी अवैध हथकड शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार कर 2 लीटर शराब जप्त की गई है। इस प्रकार अन्य टीम ने अरोपी सुरेन्द्र पुत्र गेन्दी लाल रैगर उम्र 30 साल निवासी कोहल्या थाना कोटखावदा के कब्जे से 2 लीटर हथकड शराब जप्त की गई । दोनो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया हैं।

## खेजरोली नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस की सुनीता सैनी निर्वाचित हुई

**चौमूं / कालाडेरा** । खेजरोली नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को हुए चुनाव में कांठोस ने बाजी मार ली। कांग्रेस पार्षद सुनीता सैनी नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुनी गईं। मतदान में सुनीता सैनी को 18 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी कमली देवी के पक्ष में 7 मत पड़े। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल नजर आया। अध्यक्ष पद के लिए मतदान निर्धारित प्रक्रिया के

- **शांतिपूर्ण मतदान के बीच पुलिस का रहा कड़ा पहरा**

तहत कराया गया। नगरपालिका के निर्वाचित पार्षदों ने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं और मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परिणाम घोषित होने के बाद चुनाव अधिकारी डॉ. आस्था ने नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल रहा। अध्यक्ष चुनाव को लेकर नगरपालिका परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान के दौरान भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। एएसपी संदीप सारस्वत, सामोद थानाधिकारी हेमराज गुर्जर सहित पुलिस अधिकारी और जवान मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने मतदान स्थल की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था की निगरानी की। नगरपालिका प्रशासन की ओर से भी मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाएं की गईं।

## सार-समाचार

### जयपुर ग्रामीण में महिला महासम्मेलन का भव्य आयोजन



**जयपुर।** पतंजलि विश्वविद्यालय एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चौमू में महिला महासम्मेलन का आयोजन हुआ। केंद्रीय प्रभारी साध्वी देवप्रिया दीदी के मार्गदर्शन एवं राजस्थान राज्य प्रभारी डॉ. सरिता गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में प्रदेशभर से 3,000 से अधिक योग साधिकाओं ने भाग लिया। जयपुर-2 की जिला प्रभारी रंजना शर्मा के नेतृत्व में 200 से अधिक साधिकाओं ने सहभागिता की। इस दौरान ऊषा परिहार, माया राठौड़, प्रमिला जोशी, निर्मल यादव, शशि कंवर एवं इंदु वर्मा सहित अनेक साधिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में साध्वी देवप्रिया दीदी ने रंजना शर्मा को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

### देवली में भाजपा की कजोड़ी देवी बैरवा पालिका अध्यक्ष बनी

**देवली ।** यहां नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बन गया है। यहां पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर कजोड़ी देवी बैरवा विजय घोषित हो गई है। सोमवार को देवली नगर पालिका परिसर में पालिका अध्यक्ष पद को लेकर मतदान हुए है। इस दौरान नगर पालिका चुनाव में नवनिर्वाचित हुए 35 पार्षदों ने अपने-अपने मत का प्रयोग किया है। और पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड रहे भाजपा प्रत्याशी और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में अपना अपना मतदान किया है । इस दौरान प्रातः 10:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 तक नव निर्वाचित पार्षद अपने अपने साधनों से पालिका परिसर में पहुंचे थे। इस दौरान मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्र पर मतगणना शुरू कर दी। मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने पालिका अध्यक्ष पद के परिणामो की सार्वजनिक तौर पर घोषणा कर दी । जिसमें भाजपा प्रत्याशी कजोड़ी देवी बेरवा पालिका अध्यक्ष के रूप में चुनी गई और विजय घोषित हुई। इसी प्रकार कांग्रेस के पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी बनवारी लाल बैरवा को 11 मतो पर ही संतोष करना पडा । सोमवार को पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव छुटपुट बीच संपन्न हो गया है। पालिका अध्यक्ष पद के इस चुनाव में पालिका क्षेत्र से नवनिर्वाचित 35 पार्षदों ने अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान किया है । जिसमें भाजपा प्रत्याशी कजोडी देवी बैरवा को 24 मत प्राप्त हुए और कांग्रेस प्रत्यासी बनवारी लाल बैरवा को 11 मतों पर ही संतोष करना पड़ा। पालिका अध्यक्ष पद की मतगणना के बाद आए परिणामों में भाजपा प्रत्याशी की विजय घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पडी और बीजेपी जिंदाबाद कजोडी देवी जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा प्रत्याशी कजोड़ी देवी कि जीत दर्ज हो गई है । तो वही कांग्रेस प्रत्याशी बनवारी बेरवा को 13 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा है । पालिका अध्यक्ष के चुनाव परिणामों की चर्चाओं के साथ-साथ बाजार में चर्चाऐ यह भी गर्म है कि इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ मारपीट एवं बदसलूकी जैसा मामला भी सामने आया है। हालांकि यह घटना क्यों किस लिए हुई इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती है। इसलिए कि पुलिस प्रशासन के अनुसार पुलिस को ऐसी घटना या ऐसे मामले कोई सूचना नहीं मिली है।

### निवाई में गांव भांवती में तेजाजी महाराज के मेले में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** गांव भांवती में लोकदेवता श्री वीर तेजाजी महाराज के वार्षिक मेले का आस्था व हर्षोल्लास के साथ भव्य आयोजन हुआ। मेले में समूचा क्षेत्र वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से गुंजायमान रहा व वातावरण धर्ममय हो गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध अलगोजा पार्टियों व लोकगायकों द्वारा पारंपरिक अलगोजा की मधुर धुनों पर वीर तेजाजी महाराज के जीवन, चरित्र, त्याग व शौर्य गाथाओं पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। निवर्तमान सरपंच मदनलाल मीणा ने बताया कि सत्यवीर तेजाजी महाराज केऐतिहासिक मेले में आसपास के दर्जनों गांवों से सैंकडों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान भांवता, भांवती, संग्रामपुरा, नयामोज जयसिंहपुरा व विजयगोविंदपूरा सहित कई गांवों के ग्रामीण श्रद्धा व भारी उत्साह के साथ पदयात्रा करते हुए मेले में सम्मिलित हुए। मंदिर परिसर में सुबह से ही नाग देवता के पूजन के लिए श्रद्धालुओं उमड़ पडे।

# सियासी घमासान के बीच कांग्रेस से मीना देवी ने मारी बाजी

**पावटा।** पावटा नगरपालिका चेयरमैन पद के चुनाव में कांग्रेस की मीना देवी ने भाजपा से मंजू अग्रवाल को हराकर जीत दर्ज कर ली है। कांग्रेस प्रत्याशी मीना देवी को कुल 25 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी मंजू अग्रवाल को 18 वोट प्राप्त हुए। चेयरमैन पद पर जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल नजर आया। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अध्यक्ष पद का चुनाव सोमवार को सियासी घमासान, आपसी तनातनी और विरोध-प्रदर्शन के बीच बेहद रोचक रहा। सुबह से ही नगरपालिका परिसर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज रहीं। मतदान को लेकर पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर एवं विधायक कुलदीप धनकड़ व दोनों पक्षों के समर्थकों में जबरदस्त उत्सुकता दिखाई दी, वहीं दोनों पक्षों में विरोध और नोक झोंक के चलते कई बार माहौल गरमाता नजर आया। पुलिस-प्रशासन ने मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीना देवी पत्नी अजय सैनी ने 25 मत हासिल कर भाजपा प्रत्याशी मंजू अग्रवाल पत्नी गोपाल अग्रवाल को 18 मतों से पीछे छोडते हुए जीत दर्ज की। मीना देवी ने 7 मतों के अंतर से अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। वही 2 पार्षदों द्वारा मतदान नहीं किया गया। परिणाम सामने आते ही कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर दौड गई और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। चेयरमैन चुनाव को लेकर सुबह से ही नगरपालिका परिसर के आसपास राजनीतिक गतिविधियां तेज रहीं। पार्षदों के मतदान के दौरान दोनों खेमों की सक्रियता साफ नजर आई। विरोध-प्रदर्शन और आपसी तनातनी के चलते चुनावी माहौल कई बार गरमाया। स्थिति को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। जैसे-जैसे मतदान की प्रक्रिया आगे बढ़ी, वैसे-वैसे परिणाम को लेकर



**पावटा नगरपालिका चेयरमैन पद के चुनाव में कांग्रेस की मीना देवी ने भाजपा से मंजू अग्रवाल को हराकर जीत दर्ज कर ली है।**

- **25-18 के आंकड़े से कांग्रेस का बोर्ड, विरोध-प्रदर्शन और तनातनी के बीच चेयरमैन का चुनाव हुआ**
- **पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में कांग्रेस का बोर्ड, मीना देवी चेयरमैन बनी**

चर्चाओं का दौर भी तेज होता गया। आखिरकार मतगणना के बाद तस्वीर साफ हुई और 25 मतों के साथ मीना देवी के नाम पर अध्यक्ष पद की मुहर लग गई। मीना देवी के अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ ही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में कांठोस के नेतृत्व में बोर्ड बनने का रास्ता साफ हो गया है। जीत के बाद कांठोस समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। अब नई अध्यक्ष के सामने नगरपालिका क्षेत्र के विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और बोर्ड में बेहतर तालमेल बनाए रखने की चुनौती रहेगी। चेयरमैन चुनाव ने यह साफ कर दिया कि पावटा प्रागपुरा की सियासत में आने वाले दिनों में भी राजनीतिक गतिविधियां तेज रहने वाली हैं। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि नई अध्यक्ष मीना देवी के नेतृत्व में नगरपालिका बोर्ड किस तरह अपनी प्राथमिकताएं तय करता है और शहर के विकास को किस दिशा में आगे बढ़ाता है। पावटा नगरपालिका चेयरमैन पद के चुनाव में कांठोस की मीना देवी ने भाजपा से मंजू अग्रवाल को हराकर जीत दर्ज कर ली है। कांग्रेस प्रत्याशी मीना देवी को कुल 25 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी मंजू अग्रवाल को 18 वोट प्राप्त हुए। चेयरमैन पद पर जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल नजर आया। पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने नवनिर्वाचित चेयरमैन मीना देवी सहित पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में कांग्रेस का बोर्ड बनने के बाद क्षेत्र में चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी। उन्होंने मीना देवी सहित पार्षदों को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं नवनिर्वाचित चेयरमैन मीना देवी ने जीत के बाद नगरवासियों एवं सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया व कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पेयजल, साफ-सफाई और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर सभी पार्षदों को साथ लेकर काम किया जाएगा। अब नगरवासियों की निगाहें नगरपालिका की प्रथम नई अध्यक्ष मीना देवी के नेतृत्व में नगरपालिका की आगामी कार्यप्रणाली और शहर के विकास से जुड़े मुद्दों पर रहेंगी। कल मंगलवार को उपाध्यक्ष पद पद का चुनाव होगा।

## नंदोत्सव पर भजनों की बही गंगा

**निवाई।** श्री गौतमी महिला मंडल के तत्वावधान में महर्षि गौतम आश्रम में एकादशी की पूर्व संध्या व तेजा दशमी के पावन पर्व पर नंदोत्सव आयोजन किया गया। नंदोत्सव का शुभारंभ मंडल की अध्यक्ष पुष्पा शर्मा व गौतम समाज के अध्यक्ष जगमोहन गौतम ने भगवान लड्डू गोपाल के दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। नन्दोत्सव को लेकर भगवान लड्डू गोपाल, श्रीराम दरबार व हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की भव्य झांकी सजाई गई। दोपहर 1 से 4 बजे तक भजन संकीर्तन व सत्संग किया गया। इस दौरान नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की गूंज रही।

## दूदू में चुनाव परिणाम के बाद गरिमा कंवर नगर पालिका सभापति बनी

**दूदू ।** नगर निकाय के चुनाव परिणाम के बाद आज अध्यक्ष पद के मतदान की तिथि के दौरान नगर पालिका में उपखंड अधिकारी के न्यायालय कक्ष में मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई। दोपहर 2:00 बजे बाद चुनाव परिणाम रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी गुलाब सिंह वर्मा ने चुनाव परिणाम घोषित कर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार गरिमा कंवर को नगर पालिका सभापति के लिए प्रमाण पत्र जारी कर शपथ दिलाई गई। चुनाव परिणाम से पूर्व भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता कयास लगा रहे थे कोई भी क्रॉस वोटिंग कर सकता है 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक समर्थकों की भीड़ लगी रही चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी के लहर छा गई भाजपा कार्यकर्ताओं की चेहरे उदास नजर आए नगर पालिका के 25 वार्डों में कांग्रेस के 12 भाजपा के 10 निर्दलीय दो एक आरएलपी के उम्मीदवार जीत कर आए थे दिन भर चाय की दुकान एवं चौराहे पर चर्चा चल रही थी कोई भी उम्मीदवार क्रॉस वोटिंग कर सकता है लेकिन सभी अफवाहें साबित हुई कांग्रेस पार्टी ने दो निर्दलीयों के समर्थन के साथ 14 मत हासिल किये रालोपा के प्रत्याशी ने भाजपा को समर्थन दिया सभापति के पद पर गरिमा कंवर का नाम आने के साथ थी सर्व समाज के लोगों ने खुशी का इजहार किया तथा कहा कि सामान्य वर्ग की सीट के लिए सामान्य महिला को जब पद मिला है यह हमेशा इतिहास रहेगा हालांकि कांग्रेस पार्टी ने किसी ब्राह्मण समाज के उम्मीदवार को 25 वार्डों में एक को भी टिकट नहीं दिया का खामियाजा आगामी पंचायत चुनाव के दौरान भुगतना पड़ेगा।

# अनुराधा सिंह के मेयर बनने पर भाजपाइयों ने जबरदस्त आतिशबाजी कर जश्न मनाया

**भरतपुर** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता अनुराधा सिंह के निर्विरोध भरतपुर का मेयर निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी खेमे में खुशी की लहर दौडी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के नेतृत्व में अनेको भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त आतिशबाजी कर जश्न मनाया। एक दूसरे को गले लगा कर एव मिठाई खिलाकर बधाई दी। खुशी का इजहार करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा की निगम चुनाव की जीत आमजन की जीत है भाजपा के विकास कार्यों के प्रति जनता का विश्वास है और विश्वास पर जनता ने भाजपा का बोर्ड बनाया है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता ने कहा की एक सामान्य से कार्यकर्ता अनुराधा सिंह को भरतपुर के मेयर पद पर निर्विरोध निर्वाचित होना इस बात का संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी में सभी के रास्ते खुले हुए हैं कोई भी छोटा सा कार्यकर्ता किसी भी पद पर कभी भी पहुंच सकता है। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र



**भरतपुर में अनुराधा सिंह के मेयर बनने पर भाजपाइयों ने जबरदस्त आतिशबाजी की।**

- **भाजपा के विकास कार्यों के प्रति जनता का विश्वास है**

पचौरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं पर नजर रखता है और उनकी मेहनत का तोहफा अवश्य देता है अनुराधा सिंह का मेयर बना इसी बात का परिणाम है। जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी ने बताया कि इस अवसर पर प्रो. जग्गो सिंह, दीपेंद्र गणेशिया, उत्तम शर्मा ,नेता राम जाटव, उमेश पाराशर, दिनेश भातरा ,आशीष खंडेलवाल ,सौरभ शर्मा,,राहुल चौधरी, कुलदीप पोसवाल, पंकज शर्मा ,बीके मित्तल, विष्णु दत्त शर्मा,जूली सैनी, सी पी शर्मा, चिराग चौधरी , कपिलखोखर, ,अभय गुर्जर सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।